प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में विशेष उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित

पन्तनगर। 22 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में राज्य विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) देहरादून और पर्यावरण विज्ञान विभाग पन्तनगर विश्वविद्यालय के द्वारा एक विशेष उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यवसायिक कौशल और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करना है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता मानविकी महाविद्यालय डा. सदीप अरोरा, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आर.के. श्रीवास्तव, विशिष्ठ अतिथि श्री मनोज भट्ट, मुख्य पदाधिकारी, सोसल एल्फा विशिष्ठ अतिथि श्री अशोक अग्रवाल, निदेशक के एल ए इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, रूद्रपुर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एम.एस. चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपने विचारों को साकार करने और व्यवसाय स्थापित करने में सक्षम हो सकें एवं (यूकॉस्ट) देहरादून द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने की सराहना की।

श्री मनोज भट्ट ने विश्वविद्यालय को उद्यमिता केंद्र के रूप मे स्थापित करने के सुझाव दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों को स्वरोजगार प्रदान करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। श्री अशोक अग्रवाल ने अपनी संस्था की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। डा. सदीप अरोरा ने वर्तमान में उद्ययमिता की जरूरत छात्र–छात्राओं से अपील की कि वे अपने रोजमर्रा के जीवन के मुद्दों के समाधान अपनी शोध को स्टार्टअप से जोड़ कर करें। डा. आर. के. श्रीवास्तव ने कहा कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, आत्मविश्वास और व्यावसायिक सोच को विकसित करना है। कार्यक्रम के समापन पर सफल उद्यमियों ने छात्रों को अपने अनुभव साझा किए और प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत करें। डा. श्वेता सारस्वत ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के अवसर पर मौजूद अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम से छात्र काफी उत्साहित थे और उन्होंने इसे अपने लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव बताया। छात्रों के लिए नवीन विचार प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नवीन विचार प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में अव्वल छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 180 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन निष्ठा नौडियाल, परिक्षा, तन्मय आदि के सहयोग से किया गया।

निदेशक संचार